# मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियां तेज, कलेक्टर एसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**खरगोन -मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के महेश्वर आगमन की तैयारियां तेज हो गई है। 14 अप्रैल को वे यहां बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती और महिला महासम्मेलन में पहुचेंगे। सोमवार को कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा और एसपी श्री धर्मवीर सिंह ने तैयारियों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बू?ी जीन स्थित मैदान पर कार्यक्रम स्थल के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। यहाँ पार्किंग, मंच, प्रदर्शनी, सजावट आदि के सम्बंध में निर्देशित किया। मंच और डॉम में बैठक व्यवस्थाओं तथा रैंप मजबूत और चौ?ा बंनबने के निर्देश दिए है। इसके बाद उन्होंने जेल प्रांगण स्थित हेलीपेड का अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती ज्योति शर्मा, एसडीएम श्री अग्रिम कुमार, एसडीओपी श्री मनोहर गवली, डिप्टी कलेक्टर श्री अनिल जैन, पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री श्री विजय पंवार, टीआई श्री पंकज दिक्षीत, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री गजराज यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री सचिन शर्मा, पार्षद श्री शैलेंद्र जैन, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्री दामोदर महाजन, श्री बक्शी राम यादव, श्री भूपेंद्र जैन, श्री कृष्णकांत रोक?, श्री स्वप्निल गुप्ता के अलावा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।**





### कंट्रोल रूम स्थापित कर नोडल व सहायक नोडल अधिकारी किए नियुक्त

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के 14 अप्रैल को महेश्वर में अम्बेडकर जयंती व महिला सम्मेलन के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला स्तर पर कंट्रोल रूम ई-दक्ष केन्द्र खरगोन में स्थापित किया गया है। अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल ने जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश में कंट्रोल रूम की नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर सुश्री शिराली जैन होगी। वहीं कंट्रोल रूम के सहायक नोडल अधिकारी खरगोन बीईओ श्री आरके कुशवाह एवं जनजातीय कार्य विभाग के सहायक संचालक श्री एबी गुप्ता होंगे।

### कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए अधिकारियों को सौंपे दायित्व

खरगोन 11 अप्रैल 2023। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के 14 अप्रैल को महेश्वर में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए आधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। इनमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सुरक्षा की दुष्टि से मेडिकल स्टॉफ, एम्बुलेंस व आवश्यक औषधी दवाईयां चिकित्सा सहित संबंधित स्थान पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। वहीं एमपीईबी के कार्यपालन यंत्री बिजली आपूर्ति सूचारू रूप से संचालन के लिए व कार्यक्रम स्थल पर यदि इलेक्ट्रीक पोल हो तो वहां लाल झण्डे लगाने तथा 2 शिफ्टों में दो-दो वाहन टीम मय वाहन सीढी के महेश्वर थाने में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। पीडब्ल्यूडी खरगोन के कार्यपालन यंत्री हेलीपेड पहुंच मार्ग में तथा आसपास सुरक्षा व्यवस्था के लिए बेरिकेडिंग लगवाने का दायित्व सौंपा गया है। वहीं महेश्वर नगर परिषद सीएमओ को संबंधित स्थान पर फायर बिग्रेड टीम मय वाहन तथा कार्यक्रम स्थल व आसपास के क्षेत्र में पर एक दिन पूर्व निरंतर साफ सफाई करवाने तथा आवारा मवेशियों के विरूद्ध कार्यवाही करने का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा एनवीडीए कार्यपालन यंत्री को यातायात व पार्किंग व्यवस्था के लिए 2 क्रेन वाहन 14 अप्रैल को प्रात: 7 बजे संबंधित स्थान पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक जान गंवाने वाले युवा 25 से 35 की आयु के

## एसडीएम एवं सीएमओ को सुरक्षा कदम उठाने के निर्देश



खरगोन - जिले के नगरीय निकायों में जहां ज्यादा जाम या ट्रैफिक रहता है। या किसी विशेष समय पर अधिक जाम की स्थिति निर्मित होती है। ऐसे स्थानों पर संबंधित सीएमओ और एसडीएम मिलकर कार्यवाही करेंगे। कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित स?क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देशित किया गया है। कार्यवाही में जुर्माना भी लगाएंगे। इसके अलावा शहर का कंप्रेसिव यातायात प्लान बनाया जाएगा। खरगोन का प्लान बन चुका है जिसमें हॉकर झोन, चौडीकरण, रिंगरोड, लेफ्ट टर्न क्लीयररेन्स शामिल है। जिस पर अमल किया जाएगा। एमपीआरडीसी के अधिकारी ने बताया कि झुमकी घाट जहां अधिकांश दुर्घटनाएं होती है उसके सुधार के लिए 24 मार्च को सुधार के लिए स्वीकृति प्राप्त हो गई है। अब जिले के सभी नगरों की एक अलग समिति बनाई जाएगी। बैठक में एसपी श्री धर्मवीर सिंह, कसरावद एसडीएम श्री अग्रिम कुमार, भीकनगांव एसडीएम श्री मिलिंद ढोके, पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री श्री विजय पंवार, नगर पालिका सीएमओ श्रीमती प्रियंका पटेल और एमपीआरडीसी, एम पी आर आर डी ए के अधिकारी उपस्थित रहे।

### वल्गर वाहनों के निकलने के समय निर्धारित होंगे

बैठक के दौरान एसपी श्री धर्मवीर सिंह ने कहा कि खरगोन सहित जिले अन्य नगरीय निकायों और गांवों से बडे-बडे वल्गर वाहन निकलते हैं। इन वाहनों से ट्रैफिक जाम के अलावा दुर्घटनाओं की भी सम्भवना रहती है। इसके लिए पृथक से एनटीपीसी और कंपनी के साथ बैठक कर समय निर्धारित करना होगा। साथ ही इसके लिए डायवर्टेड स?क निर्माण भी जरूरी है। समय और स?क दोनों निर्धारण आवश्यक है। मण्डलेश्वर-कसरावद एसडीएम इस संबंध में समन्वय करेंगे।

### यातायात विभाग ने प्रस्तुत किया दुर्घटनाओं का आंकलन

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात थाना प्रभारी श्री दीपेंद्र स्वर्णकार ने वर्ष 2022 में हुई दुर्घटनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जो वाहन चालकों की आदतों और नियमों का पालन के लिए सचेत करता है। वर्ष 2022 में हुई स?क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक 28 प्रतिशत मृतकों की संख्या 25 से 35 आयुवर्ग के युवाओं की है। इसके बाद 26 प्रतिशत 35 से 45 की और 19 प्रतिशत युवा 18 से 25 वर्ग के है। यह आंकडों और भी चौकाने वाला है। 166 मृतकों में किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। जबकि वर्ष 2022 में 434 लोगों की दुर्घटनाओं में मृत्यु हुई है। वही बिना हेलमेट वाले 141 गंभीर घायल भी हुए है। सीट बेल्ट नहीं लगाने वालों में 10 की मृत्यु और 16 गंभीर घायल हुए है। यहां यह बताना आवश्यक है कि वर्ष में सबसे अधिक 214 दुर्घटनाएं दो पहिया वाहन से हुई है। ये दो पहिया वाहन आपस में भी टकराये है। मृतकों में सबसे अधिक 398 ग्रामीणजन और 36 शहरी है।

# किसानो का मण्डी को समर्थन 1.18 लाख क्विंटल गेहू बेचा



बड़वाह---अच्छे दाम और समय पर नगद भुगतान यही कारण है कि कृषि उपज मण्डी में गेहू की बंपर आवक हो रही है ।फिलहाल भाव और तेज हो गए है ।इससे आगामी दिनों में और आवक बढेगी ।सोमवार को गेहू विक्रय के लिए 270 वाहनों की गाडिया बडवाह कृषि उपज मंडी में पहुंची है ।समर्थन मूल्य पर भाव 2125 रूपये प्रति क्विंटल है,वही मंडी में 1961 से लेकर 2621 तक गेहू बिक रहा है,खास बात तो यह है कि किसानो को मण्डी से नगद राशी प्राप्त हो जाती है,इसलिए किसान समर्थन मूल्य पर गेहू बेचने में इस बार रूचि नही ले रहे है ।इसके बावजूद भी कुछ किसानो का कहना है कि मण्डी में भी हमारी उपज के अच्छे भाव नही मिल रहे है ।पिछले वर्ष की बात करे तो कृषि उपज मंडी में अप्रैल माह में 10 तारीख तक मात्र 15 हजार 534 क्विंटल की आवक हुई है,वही इस वर्ष 10 अप्रैल तक 26 हजार क्विंटल से अधिक आवक हो चुकी है ।प्रतिदिन वाहनों की संख्या ब?ते जा रही है ।इससे किसानो के साथ ही मंडी प्रशासन को भी टेक्स मिलने से इसका फायदा मिल रहा है ।मंडी से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी की शुरुआत में महज 1691 क्विंटल होने वाली आवक फरवरी में 5645 क्विंटल,तो मार्च में 85 हजार 727 क्विंटल तक आवक पहुंच गई है ।वही अप्रैल माह में मात्र 9 दिनों में 25 हजार 744 तक आक?ा पहुंच चूका है ।साथ ही समर्थम मूल्य की बात करे तो यहा पर अधिकतर केन्द्रों पर तो श्रीगणेश भी नही हुआ है ।वही कुछ केन्द्रों पर बहुत कम किसान उपज लेकर पहुंचे है ।मंदी सचिव रचना टिकेकर का कहना है कि इस वर्ष गेहू के साथ ही कपास की भी बंपर आवक हो रही है ।प्रतिदिन अधिक संख्या में किसान उपज लेकर पहुंच रहे है ।अच्छी क्वालिटी वाले गेहू को व्यापारी ऊँचे दामो पर खरीद रहे है ।मण्डी में किसानो को 2660 से भी गेंहू के भाव मिले है ।उल्लेखनीय है कि जनवरी माह से अभी तक 1 लाख 18 हजार 807 क्विंटल गेहू मण्डी में पहुंच चूका है।

### मण्डी में भी नही मिल रहे अच्छे दाम -

सुलगाँव के कृषक अर्जुन सिंह राजपूत का कहना है कि रात-दिन किसान मेहनत करके अपनी उपज को बेचने के लिए मंडियो में पहुंचता है,लेकिन यहा पर भी किसानो को उपज का सही दाम नही मिल रहा है ।गेहू और कपास के अच्छे दाम नही मिलने के कारण कृषक परेशान है।

### पशुओ से परेशान किसान-व्यापारी -

हाइवे के साथ कालोनी,मोहल्लो में तो पशुओ के कारण लोग परेशान रहते ही है,लेकिन अब बडवाह कृषि उपज मण्डी में उपज लेकर पहुंचे किसानो को पशुओ के कारण परेशान होना प? रहा है। कृषक लोकेन्द्र परिहार,अर्जुन सिंह राजपूत सहित अन्य कृषको का कहना है कि मंडी कर्मचारियों की लापरवाही के कारण आवारा पशु हमारी गाडियों के पास आ जाते है,और मुह मारकर उपज का नुकशान कर रहे है ।इससे हमे परेशान होना पड रहा है। यही व्यापारियों का भी कहना है व्यापारी नरेंद्र जैन ने कहा कि आवारा पशुओ से व्यापारी और किसान दिनों परेशान है,आएदिन पशु,सूअर नीलामी के दौरान बीच में घुस जाते है ।कई बार मण्डी के जिम्मेदारो को शिकायत कर दी है,लेकिन समस्या का निराकरण नही होता है ।वही मण्डी सचिव रचना टिकेकर का कहना है कि गेट पर कर्मचारी लगा रहे है,कभी वह चकमा देकर अंदर घुस जाते है,उन्हें कर्मचारी भगाते है।

# होम्योपैथी चिकित्सा शिविर में 153 रोगियों का हुआ निशुल्क उपचार, दी औषधियां



खरगोन 10 अप्रैल 2023। राष्ट्रीय आयुष मिशन आयुष विभाग अंतर्गत जिला आयुष विभाग द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ वासुदेव आसलकर के मागदर्शन में सोमवार को डॉ. सैम्युअल हेनिमैन की 268वी जयंती के उपलक्ष्य में निशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बाबू सिंह परिहार द्वारा डॉ. हेनिमैन के चित्र का पूजन कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। शिविर में विभाग की संचालित गतिविधियां योजनाओं आयुष क्योर एप, देवारण्य योजना आदि की जानकारी दी गई। शिविर के नोडल अधिकारी डॉ. रणजीत सिंह एवं डॉ अरविंद दशोरे द्वारा रोगियों का उपचार किया गया। शिविर में मौसमी बीमारियों, श्वास कास, वात रोग, चर्मरोग, उदर रोग, अर्शरोग, मधुमेह, हदय रोग सहित रोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। रोगियों का पंजीयन मनीष वर्मा ने तथा औषधियो का वितरण रजनी पाटीदार व दयाराम वर्मा ने किया। शिविर में कुल 153 रोगियों का स्वास्थ्य लाभ दिया गया। योग प्रशिक्षक राधेश्याम बडोले द्वारा सहयोग रहा।


## श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद जिला खरगोन

**-जाहिर सूचना-**

**एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय सनावद में महाविद्यालय की प्रबंध समिति के निर्णय से सत्र 2023-24 से बी.एच.एस.सी. (होम सांईस) पाठ्यक्रम को बंद करने की प्रक्रिया कर दी है ।**

**प्राचार्य**

**श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन महाविद्यालय, सनावद**